**Nai Dunia (Indore), 15th December 2014**


# इंदौर आईआईटी के 'गौरव' को मिला 1.80 करोड़ का पैकेज

## गूगल ने किया चयन

**इंदौर (नप्र)।** आईआईटी इंदौर के स्टूडेंट गौरव अग्रवाल को गूगल ने 1 करोड़ 80 लाख के पैकेज के साथ नौकरी दी है। मध्यप्रदेश में इतना बड़ा पैकेज पाने वाला गौरव पहला छात्र है। उसे मई 2015 में आईआईटी की पढ़ाई पूरी होने के बाद जॉइन करना है।

भिलाई के मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाला 21 वर्षीय गौरव फिलहाल आईआईटी इंदौर में फोर्थ ईयर का स्टूडेंट है। गूगल कंपनी का कैंपस आने पर उसने ऑनलाइन टेस्ट दिया था। टेस्ट में शॉर्ट लिस्ट होने के गुडगांव में इंटरव्यू हुआ। दो दिन पहले नौकरी का ऑफर लेटर मिला। आईआईटी इंदौर से 85 फीसद छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है, लेकिन 15 लाख रुपए महीने का पैकेज पाने वाला गौरव एकमात्र छात्र है। वे फिलहाल कोयंबटूर में इंटरनेशल कांटेस्ट में शामिल होने गए हैं।

## इतना बड़ा पैकेज पाने वाला प्रदेश का पहला स्टूडेंट



## सिलेक्शन का पूरा विश्वास था

टेस्ट और इंटरव्यू के लिए खूब तैयारी की थी। सिलेक्शन होने का विश्वास भी पूरा था। ऑफर लेटर देखकर तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। फोर्थ ईयर की पढ़ाई मई 2015 में पूरी होगी। इसके बाद यूएस के कैलिफोर्निया में जॉइन करना है। **-गौरव अग्रवाल**

## सबसे छोटा बेटा, सबसे बड़ा पैकेज

गौरव का परिवार भिलाई के कैंप वन में रहता है। पिता सत्यपाल अग्रवाल मेडिकल स्टोर के साथ मिडिल स्कूल चलाते हैं। दो बड़े भाई भी इंजीनियर हैं और बैंगलुरू में नौकरी करते हैं। पिता ने बताया कि वह बचपन से ही बुद्धिमान, बहुत मेहनती और साधारण लड़का है। आईआईटी में भी पहले ही प्रयास में चयन हो गया था। वह कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी शामिल होता रहता है। मां कुसुम अग्रवाल ने बताया कि गौरव ने अपने नाम को सार्थक किया है और परिवार का 'गौरव' बढ़ाया है।